# शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल– **registrarsnpv@gmail.com**, वेबसाईट- **https://snpv.ac.in**


क्रमाँक. 3164/E/ परीक्षा–गोपनीय / 2022 रायगढ़, दिनाँक 24.08.2022

## –:: अधिसूचना ::–

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों के स्नातक (बी.ए. / बी.एस.सी. / बी.कॉम. / बी.बी.ए. / बी.सी.ए. के भाग–एक एवं दो) की मुख्य परीक्षा सत्र 2021–22 में पूरक घोषित परीक्षार्थियों के लिए जो पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पूरक परीक्षा आवेदन फॉर्म भरे है, उनके लिए पूरक परीक्षा का आयोजन ऑनलाईन / ब्लैंडेड मोड के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा निम्नांकित समय–सारिणी के अनुसार किया जायेगा :–

| क्रं. | पाठ्यक्रम का नाम | कक्षा / वर्ष | प्रश्न पत्र डाउनलोड करने की तिथि / दिनांक | प्रश्न पत्र डाउनलोड करने का समय | परीक्षार्थियों द्वारा स्वहस्तलिखित उत्तर पुस्तिकाएं अपने महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | (बी.ए. / बी.एस.सी. / बी.कॉम. / बी.बी.ए. / बी.सी.ए.) | भाग–01 (समस्त पूरक परीक्षार्थी) | 01.09.2022 दिन–गुरूवार | प्रातः 10:00 बजे | 03.09.2022 दिन–शनिवार |
| 02. | (बी.ए. / बी.एस.सी. / बी.कॉम. / बी.बी.ए. / बी.सी.ए.) | भाग–02 (समस्त पूरक परीक्षार्थी) | | | |

### –:: आवश्यक दिशा–निर्देश ::–

01. संबंधित छात्र–छात्राएं दिनांक 25.08.2022 से "उक्त परीक्षा" हेतु अपना प्रवेश पत्र **https://snpv.ac.in** पर उपलब्ध **Online Portal** के अंतर्गत **Others Options** के माध्यम से प्रवेश पत्र (**Admit Card**) एवं अभिप्रमाणीकरण पत्रक (**Attestation Sheet**) डाउनलोड करेंगे।
02. समस्त परीक्षा केन्द्र / महाविद्यालय, परीक्षार्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रवेश पत्र (**Admit Card**) एवं अभिप्रमाणीकरण पत्रक (**Attestation Sheet**) में उल्लेखित विषयों का मिलान कर उतनी ही संख्या में विश्वविद्यालय द्वारा भेजी गई उत्तर पुस्तिकाएं परीक्षार्थियों को दिनांक 25.08.2022 से वितरित करेंगे एवं वितरित उत्तर पुस्तिकाओं का विवरण भी वितरण पंजी में संधारित करेंगे।
03. परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिकाएं केन्द्र / महाविद्यालय से ही प्राप्त करेंगे एवं महाविद्यालय / केन्द्र से प्रदान की गयी उत्तर पुस्तिकाओं का ही उपयोग करेंगे। ऑनलाईन / वेबसाईट से प्रिंट की हुई उत्तर पुस्तिका मान्य नही होंगी।
04. उत्तर पुस्तिका स्वहस्तलिखित होनी चाहिए। टाईप या फोटोकॉपी की हुई उत्तर पुस्तिका मान्य एवं स्वीकार नही की जायेगी।
05. परीक्षा केन्द्र / महाविद्यालय परीक्षार्थियों द्वारा जमा की जाने वाली उत्तर पुस्तिकाओं का उसके साथ जमा किये जाने वाली अभिप्रमाणीकरण पत्रक (**Attestation Sheet**) तथा महाविद्यालय द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण के समय रिकॉर्ड संधारण के लिए उपयोग की गयी संधारण पंजी से मिलान कर जमा करायेंगे एवं छात्र को अभिप्रमाणीकरण पत्रक (**Attestation Sheet**) की फोटोकॉपी के माध्यम से पावती प्रदान करेंगे।
06. कोविड–19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए **S.O.P.** का पालन करते हुए परीक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाएं संबंधित महाविद्यालय में निर्धारित तिथि में जमा करेंगे तथा ध्यान रखें कि स्वहस्तलिखित उत्तर पुस्तिका किसी भी स्थिति में सीधे विश्वविद्यालय को प्रेषित ना करें।
07. स्पीड पोस्ट / कोरियर / ईमेल या अन्य किसी माध्यम से प्रेषित उत्तर पुस्तिकाएं मान्य नही की जायेगी।
08. ऑनलाईन / ब्लैंडेड मोड में आधारित परीक्षा परिणाम पर परीक्षार्थी को पुर्नमूल्यांकन एवं पुर्नगणना की पात्रता नही होगी।

09. ऑनलाईन / ब्लैंडेड मोड में आयोजित पूरक परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाएं सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत परीक्षार्थी को प्रदान नही की जाएगी।
10. समस्त संबंधित परीक्षाओं के प्रश्न पत्र निर्धारित तिथि अनुसार विश्वविद्यालय की वेबसाईट **https://snpv.ac.in** पर उपलब्ध **Online Portal** के अंतर्गत **Others Options** में **Download Question Paper (Supplementary Exam 2022)** लिंक को क्लिक कर (निर्धारित समय में) परीक्षार्थी प्रश्न पत्र डाउनलोड करेंगे( पूरक परीक्षाओं हेतु प्रश्न पत्र के कोड **AAS** श्रंखला वाले होंगे) ।
11. प्रश्न पत्र डाउनलोड करने में यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय से भी संपर्क कर सकते है साथ ही यदि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आती है तो वे विश्वविद्यालय के निम्नानुसार हेल्प लाईन नंबर पर संपर्क कर सकते है।

    श्री कार्तिकेश्वर पटेल – मो. नं. – 7697589068
    श्री मारूति नंदन दुबे – मो.नं. – 9340020087

12. कोविड–19 से उत्पन्न विषम परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एवं शासन द्वारा गाईडलाईन का पालन करते हुए परीक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाएं महाविद्यालयों में जमा करेंगे। इस हेतु वे महाविद्यालय में संपर्क कर दिशा–निर्देश प्राप्त कर सकते है। उत्तर पुस्तिकाएं उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि में महाविद्यालयों में जमा की जायें। निर्धारित तिथि के उपरांत महाविद्यालयों द्वारा उत्तर पुस्तिकाएं स्वीकार नही किये जाने पर संबंधित छात्र / छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगे।
13. ऐसे समस्त परीक्षार्थी जिन्होंने पूरक परीक्षा हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरा है, उन्हे ऑनलाईन / ब्लैंडेड मोड के माध्यम से परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।
14. परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र (**Admit Card**) एवं अभिप्रमाणीकरण पत्रक (**Attestation Sheet**) से विषय / प्रश्न पत्र का मिलान कर संबंधित प्रश्न पत्र को ही हल करेंगे।
15. प्रायोगिक परीक्षा हेतु भी सभी परीक्षार्थी अपने महाविद्यालयों से परीक्षा में ऑनलाईन माध्यम से सम्मिलित हो सकेंगे। कृपया ऐसे परीक्षार्थी जो प्रायोगिक परीक्षा में पूरक है वे अपने महाविद्यालयों से संपर्क कर प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।
16. परीक्षार्थियों को अगर परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या है तो महाविद्यालय के प्राचार्य से संपर्क कर समस्या का समाधान कर सकते है।

## –:: महाविद्यालयों हेतु निर्देश ::–

01. उपरोक्त संबंधित पूरक परीक्षा के प्रायोगिक परीक्षा हेतु महाविद्यालय सत्र 2021–22 की मुख्य परीक्षा में प्रायोगिक परीक्षा हेतु नियुक्त बाह्य परीक्षक से ही ऑनलाईन माध्यम से प्रायोगिक परीक्षाएं दिनांक 31.08.2022 तक सम्पन्न करायें एवं ततसंबंध में संबंधित छात्रों को अनिवार्यतः सूचित करें ।
02. प्रायोगिक परीक्षा के देयकों का भुगतान विश्वविद्यालय के नियमानुसार किया जायेगा। कृपया प्राचार्य उक्त देयकों का सत्यापन कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे।
03. प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की सूची कक्षावार, विषयवार महाविद्यालय विश्वविद्यालय के वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते है।
04. प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक ऑनलाईन माध्यम से विश्वविद्यालय के पोर्टल पर दर्ज करना होगा।
05. महाविद्यालय के प्राचार्य परीक्षार्थियों से संबंधित समस्या के निराकरण हेतु परीक्षा प्रभारी / कुलसचिव प्रभारी से संपर्क कर सकते है।

आदेशानुसार

कुलसचिव (प्रभारी)
रायगढ़, दिनॉक 24.08.2022

पृ.क्रं. 3165/E/ परीक्षा–गोपनीय / 2022
प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. वित्ताधिकारी, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सादर सूचनार्थ
03. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें।
04. संपादक / संवाददाता, दैनिक .................................. समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
05. विश्वविद्यालय सूचना पटल / बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु।
06. कार्यालय प्रति।

परीक्षा प्रभारी